सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–4

राजभवन देहरादून 24 अगस्त, 2023

गुरुवार को पुलिस लाइन देहरादून में 'हरियाली तीज महोत्सव' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उत्तराखण्ड प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर व श्रीमती गीता धामी द्वारा दीप प्रज्वलित कर हरियाली तीज पर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अलकनन्दा अशोक, उपवा (उत्तराखण्ड पुलिस वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन) एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती विनीता कुँवर द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

हरियाली तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत,गढवाली व कुमाँउनी लोकनृत्य, पारंपरिक गीतों का गायन, रैम्प वॉक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस छात्रावास की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव योगा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथिगण द्वारा झूला झूलने व अन्य कार्यक्रमों में सम्मिलित हो प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त तीज क्वीन बहु/सास प्रतियोगिता–2023 का आयोजन भी किया गया जिसमें श्रीमती गुरमीत कौर महोदया द्वारा श्रीमती सुमन कार्की (बहु) श्रीमती नीलम (सास) को प्रथम पुरुस्कार, श्रीमती नेहा,श्रीमती सुमन बसेड़ा (बहु), मिनाक्षी सती (सास) को द्वितीय पुरुस्कार, श्रीमती काजल, श्रीमती अनिता नेगी (बहु),श्रीमती ज्योति भट्ट (सास) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं व बच्चों को जलपान कराकर तीज पर्व का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गुरमीत कौर महोदया द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि यह एक महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

उक्त कार्यक्रम में अन्य अतिथिगण श्रीमती सुमन उनियाल, श्रीमती उर्मिला जोशी सुश्री नेहा जोशी हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त हरियाली तीज महोत्सव के कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती विमला गुंज्याल,पुलिस उपमहानिरीक्षक श्रीमती निवेदिता कुकरेती,श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, श्रीमती सरोज नगन्याल, श्रीमती कमला नपचयाल, श्रीमती रूबी तबस्सुम,श्रीमती सीबा,पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती सरिता डोभाल, क्षेत्राधिकारी डालनवाला श्रीमती पूर्णिमा गर्ग आदि उपवा की सभी महिला सदस्य/पुलिसकर्मी एवं पुलिस परिवार की महिलाएं उपस्थित रही।

...........0............